हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

04 मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया...



07 ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित...





## खबर संक्षेप में



### सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**नलखेड़ा।** सोमवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर पाटीदार समाज संगठन ने स्थानीय सरदार पटेल चौराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### ईवीएम की एफएलसी 17 से 19 दिसंबर तक

**नलखेड़ा।** त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2025 अंतर्गत आगर-मालवा में जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र-01, सुसनेर के रिक्त पद पर निर्वाचन होना है। राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार जिले में ईवीएम की एफएलसी का कार्य 17 से 19 दिसंबर 2025 तक ईवीएम गोडाउन पर की जाएगी। एफएलसी कार्य के लिए गोडाउन 17 दिसम्बर को सुबह 9 बजे मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में खोला जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफएलसी कार्य हेतु विभिन्न विभागों के 22 सहायक यंत्री उपयंत्रियों की ड्यूटी लगाई है, जो मास्टर ट्रेनर्स के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे।

### जनता की उम्मीद पर लापरवाही का पहाड़, ढाई करोड़ खर्च, लेकिन बुनियादी समझ गायब, आमजन होंगे परेशान

# सड़क बनेगी आफतः मछलीपुल-लुनिया चौराहा मार्ग पर बारिश में डूबेंगे घर-दुकान और मंदिर!

नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और मानकों को दरकिनार कर दिया गया है, जिससे आने वाले मानसून में पूरे इलाके को जलभराव का गंभीर खतरा है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक बनने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क आज शहरवासियों के लिए राहत नहीं, बल्कि भय और आक्रोश का कारण बन चुकी है। जिस सड़क को नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर की परिषद ने जनता को विकास की सौगात के रूप में पेश किया था, वही सड़क निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही के चलते अब मुसीबत का पहाड़ बनती नजर आ रही है।

नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और मानकों को दरकिनार कर दिया गया है, जिससे आने वाले मानसून में पूरे इलाके को जलभराव का गंभीर खतरा है। सवाल यह है कि क्या यही विकास का मॉडल है, जिसमें जनता की सुरक्षा और सुविधा की अनदेखी कर दी जाए? करीब एक किलोमीटर लंबी और लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क का चौड़ीकरण कार्य जुलाई माह में शुरू हुआ था। यह मार्ग रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड, मंडी और आसपास के सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण रास्ता है, जहां प्रतिदिन लगभग पांच हजार वाहन गुजरते हैं। योजना के तहत सड़क को दोनों ओर से 11 मीटर चौड़ा, बीच में डिवाइडर और प्रकाश व्यवस्था के साथ विकसित किया जाना था। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि निर्माण एजेंसी ने तकनीकी समझ और स्थानीय परिस्थितियों को नजरअंदाज करते हुए सड़क को जरूरत से कहीं अधिक ऊंचा बना दिया, जिससे आसपास का पूरा इलाका निचले स्तर पर चला गया है।

**इंजीनियरों की चुप्पी, प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल**



:इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात नगर पालिका के इंजीनियरों की चुप्पी है। जिस निर्माण कार्य की निगरानी इन्हीं अधिकारियों को करनी थी, उसमें इतनी बड़ी तकनीकी खामी कैसे नजरअंदाज हो गई? नागरिकों का आरोप है कि या तो इंजीनियर अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रहे हैं, या फिर निर्माण एजेंसी के दबाव में आंख मूंदकर काम हो रहा है। सड़क की ऊंचाई, ढलान और जलनिकासी जैसे बुनियादी मुद्दों पर कोई स्पष्ट मानक लागू नहीं किए गए। यह स्थिति नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।

**पहाड़नुमा ऊंचाई से बढ़ा जलभराव का खतरा**

:निर्माणाधीन सड़क की असामान्य ऊंचाई अब दुकानदारों, रहवासियों और श्रद्धालुओं के लिए सबसे बड़ी चिंता बन चुकी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि बारिश इसी हालत में आई, तो सड़क का पानी सीधे घरों, दुकानों और मंदिरों में घुसेगा। इसका सीधा असर न केवल आम जनजीवन पर पड़ेगा, बल्कि धार्मिक स्थलों की गरिमा और सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी। स्थानीय लोग सवाल कर रहे हैं कि जब सड़क बनाई जा रही थी, तब ढलान और जलनिकासी की व्यवस्था पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया? क्या यह जानबूझकर की गई लापरवाही है या फिर निर्माण एजेंसी को खुली छूट दी गई है?

### बेस निर्माण में भी खेल, भविष्य में और बढ़ेगी समस्या

सड़क निर्माण में लापरवाही केवल ऊंचाई तक सीमित नहीं है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार ने सड़क के बेस निर्माण में भी भारी अनदेखी की है। नियमों के अनुसार पुरानी सड़क की खुदाई कर मजबूत बेस तैयार किया जाना चाहिए था, लेकिन बिना खुदाई किए सीधे पुरानी सड़क पर मसाला डालकर नया रोड बनाया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि सही तरीके से खुदाई और बेस निर्माण किया जाता, तो सड़क की ऊंचाई नियंत्रित रहती और जलभराव की समस्या पैदा ही नहीं होती। अब स्थिति यह है कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई जा रही यह सड़क भविष्य में टूट-फूट और जलजमाव की स्थायी समस्या बन सकती है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि समय रहते सड़क की ऊंचाई, ढलान और बेस निर्माण की जांच कराई जाए और आवश्यक सुधार किए जाएं। यदि अभी हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो मानसून में यह सड़क विकास नहीं, बल्कि विनाश का प्रतीक बन जाएगी। जनता साफ कह रही है कि वे सड़क के विरोधी नहीं हैं, बल्कि लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी के खिलाफ हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन जनता की आवाज सुनता है या फिर यह पहाड़नुमा सड़क आने वाले वर्षों तक शहर के लिए एक बड़ी समस्या बनकर रह जाती है।

# भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

**नलखेड़ा।** अपर कलेक्टर आरपी वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट में भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिले के भू-अर्जन संबंधित न्यायालयों में निर्णीत और प्रचलित प्रकरणों की समीक्षा कर एडीएम ने आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में एसडीएम आगर मिलिंद ढोक़े, सुसनेर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर प्रेमनारायण परमार, समस्त तहसीलदार सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।



### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीजनल एनफ्लूऐन्जा की रोकथाम, बचाव और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि मौसम में होने वाले बदलाव के कारण सर्दी-खाँसी (इन्फ्लूएंजा) के लक्षण दिखाई दे सकते हैं, इसलिए इस संक्रमण से बचाव के लिये व्यक्तिगत व्यवहार में परिवर्तन आवश्यक हैं।

# प्याज ने रुलाया, अब मुस्कान लौटी निर्यात खुलते ही 15 रुपए पहुंचा भाव

**किसानों की हुई जीत, बीते 15 दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे किसान**



**सीहोर।** प्याज के घटे दामों से संकट में चल रहे किसानों के फिर अच्छे दिन आ गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा निर्यात को खोलने के बाद प्याज के दाम 15 रुपए हो गए हैं, जिससे किसानों को राहत मिली है।

बता दे पिछले करीब 15 दिनों से प्याज के गिरते दामों ने किसानों को इस कदर तोड़ दिया था कि कहीं 50 पैसे तो कहीं 1 रुपये किलो तक बिक रही फसल सड़कों पर फेंकनी पड़ी थी।

आंखों में आंसू और दिल में दर्द लिए किसान अपनी ही मेहनत की कमाई को यूं बर्बाद होते देख रहे थे। ग्राम चंदेरी में हालात इतने बिगड़ गए थे कि किसानों ने एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में चंदेरी हाईवे (सीहोर–भोपाल रोड) पर प्याज मुफ्त में बांट दी। पांच-पांच किलो की कट्टियां बनाकर चारपहिया, दोपहिया, ऑटो रिक्शा चालकों और राहगीरों को प्याज बांटी गई थी। लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा प्याज के निर्यात को खोलने और नया भाव तय किए जाने के बाद प्याज के दाम 15 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं जिससे किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।

### किसानों ने मनाई जमकर खुशियां

प्याज के नए भाव आने के बाद रविवार को ग्राम तोरणन या, रामाखेड़ी और हसनाबाद के किसानों ने रैली निकालकर खुशी मनाई। जय किसान, जय भारत के नारे लगाए। किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

### कलेक्टर ने 11 हितग्राहियों को दी आइस बॉक्स बाइक-की

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने 'धरती आबा अभियान' के अंतर्गत मछुआ समुदाय के 11 हितग्राहियों को आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की चाबियां सौंपीं। यह कार्यक्रम कोलार क्षेत्र की जनजातीय मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों के लिए आयोजित किया गया था। इस पहल का उद्देश्य मछुआ समुदाय का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण करना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि शासन और जिला प्रशासन जनजातीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी पारंपरिक आजीविका को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने धरती आबा अभियान को जनजातीय परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इन आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों से मछुआरों को ताजी मछलियों को सुरक्षित रखने, उनका परिवहन करने और दूरस्थ क्षेत्रों तक आसानी से पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे मछलियां लंबे समय तक ताजा रहेंगी, जिससे उनकी बिक्री की संभावनाएं बढ़ेंगी और मछुआरों की आय में सीधा लाभ होगा। शासन की यह पहल न केवल मछुआरों की कार्यक्षमता में वृद्धि करेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में भी एक प्रभावी कदम साबित होगी।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मौसमः न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज

**देवास।** शहर में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। सोमवार को सुबह 9 बजे तक शहर के बाहरी क्षेत्रों में कोहरे का घना असर देखा गया। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को सुबह अपने वाहनों की हेडलाइट्स जलानी पड़ीं। हालांकि, दिन चढने के साथ कोहरे का प्रभाव धीरे-धीरे कम होता गया। पिछले एक दिन में अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमानों में 1-1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले रविवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस था। तापमान में लगातार हो रहे इस उतार-चढ़ाव से ठंड का असर भी घट-बढ़ रहा है, जिससे फिलहाल कड़ाके की ठंड से लोगों को कुछ राहत मिली है। कृषि क्षेत्र के लिए मौसम अनुकूल बना हुआ है। कई क्षेत्रों में रबी फसलों की बुवाई को एक माह बीत चुका है और किसान फसलों की सिंचाई में व्यस्त हैं। फसलों के लिए मौसम सामान्य स्थिति में है।

### अब तक मिला 53 हजार 705 मीट्रिक टन यूरिया

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में जिले में लगातार यूरिया उपलब्ध कराई जा रही है। उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि जिले में 53 हजार 705 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक जिले को प्राप्त हो चुका है, जो कि गत वर्ष से 04 हजार 751 मीट्रिक टन अधिक है। इस वर्ष अभी तक 49 हजार 965 मीट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है। जिले को 13 दिसम्बर को हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) कंपनी की 2643 मीट्रिक टन रैक प्राप्त हो चुकी है।

### संभाग आयुक्त एवं रोल प्रेक्षक ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करें: संभाग आयुक्त

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया की अब तक की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संभाग आयुक्त एवं रोल प्रेक्षक आशीष सिंह ने देवास जिले में किए जा रहे निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी,एसडीएम सोनकच्छ प्रिया चन्द्रावत, एसडीएम देवास आनंद मालवीय, एसडीएम खातेगांव प्रवीण प्रजापति, एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक सिंह, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि ओम जोशी, मनोहर जाधव, डॉ. मन्सूर शेख, दरियाव सिंह मालवीय, संजय सांगते उपस्थित थे। बैठक में संभाग आयुक्त एवं रोल प्रेक्षक आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नए कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि विसंगतियों का निराकरण तत्काल करें एवं अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बी.एल.ओ., बी.एल.ओ. सुपरवाईजर एवं बी.एल.ए. के साथ बैठक का आयोजन करना सुनिश्चित करें। संभाग आयुक्त सिंह ने कहा कि अब एसआईआर कार्य के साथ-साथ फॉम 6,7 और 8 पर भी कार्य करें। उन्होंने सभी राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में चर्चा की। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण की आज दिनांक तक संपादित की गई गतिविधियों एवं आगामी की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी गई। संभागायुक्त ने बीएलओ से भी चर्चा की और एसआईआर कार्य प्रगति की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि देवास जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में गणना पत्रकों के डिजीटलाईजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने विधानसभावार मतदाता संख्या, अनुमोदित नवीन मतदाता केन्द्र, रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, बूथ लेवल एजेंट, जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम, ₹बुक अ काल₹ टू बीएलओ की स्थति, एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी दी।

बैठक में बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की संपूर्ण गतिविधियों के संपादन के साथ-साथ 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवीन मतदाताओं से फार्म 6 एवं मतदाता सूची में से नाम कटवाने के लिए फार्म 7 तथा संशोधन/ शिफ्टिंग के लिए फार्म 8 की कार्यवाही भी की जा रही है। मतदाता फार्म बी.एल.ओ. के माध्यम से अथवा ऑनलाइन एन.व्ही.एस.पी. पोर्टल/ वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से जमा/भर सकते है। बैठक में बताया कि 18 दिसम्बर तक गणना पत्रक का कार्य किया जायेगा। 19 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक अंतिम मतदाता सूची का प्रारूप तैयार कर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों तथा निर्धारित कार्यालयों में 23 दिसम्बर को होगा। मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक दर्ज कराई जा सकती हैं। दावे-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची 17 फरवरी तक अंतिम रूप से तैयार करके निर्वाचन आयोग की अनुशंसा के बाद 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

# अतिथि शिक्षकों को दो माह से नहीं मिला मानदेय

### कलेक्टर से त्वरित भुगतान की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के समस्त ब्लॉकों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को विगत दो माह से मानदेय अब तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश और असंतोष व्याप्त है।

अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश, जिला इकाई देवास (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) ने इस संबंध में जिला कलेक्टर के नाम एसएलआर राजेश सरवटे को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की है। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मालवीय ने बताया कि जिले के कुछ ब्लाकों में दो व कुछ ब्लाकों में एक माह का वेतन अतिथि शिक्षकों को नही मिला है। भामसं जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड एवं कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि संचालनालय लोक शिक्षण द्वारा आवंटन आदेश एवं पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अतिथि शिक्षकों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक मानदेय का भुगतान किया जाए। बावजूद इसके जिले में अब तक अक्टूबर व नवंबर माह का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। टोंकखुर्द ब्लॉक के अतिथि शिक्षकों को माह अक्टूबर-नवम्बर का मानदेय नही मिला है। मानदेय न मिलने के कारण जिले के सैकड़ों अतिथि शिक्षक गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

अतिथि शिक्षक संघ ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि जिले के समस्त अतिथि शिक्षकों का नवंबर 2025 का लंबित मानदेय शीघ्र दिलवाया जाए, ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके। इस दौरान सोनकच्छ ब्लाक अध्यक्ष कमलेश जोशी, भावना चौधरी, हीना चांवला, अंकित मालवीय, संजना मालवीय, राजकुमार रघुवंशी, नितेश भारद्वाज, उज्जवल दुबे, महेन्द्र सिंह सोलंकी, सुषमा सोमनकर, भावना कुमावत, चेतन चौहान, निता लुवानिया, सरिता मालवीय, चेतन चौहान, धर्मेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

### सार्वजनिक स्थानों पर गन्दगी फैलाने पर की गई चालानी कार्रवाई

**देवास।** शहर में सार्वजनिक स्थानों पर गन्दगी फैलाए जाने एवं कचरा जलाए जाने पर आयुक्त के निर्देश पर निगम द्वारा चालानी कार्यवाही की गई। नगर निगम स्वच्छता अमले के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार द्वारा विभिन्न वार्डों के क्षेत्र में वार्ड 20 में सीएण्डडी वेस्ट मटेरियल फैलाने पर वार्ड 18 सनसिटी में घर के पाईप लाईन से सार्वजनिक मार्ग पर गन्दगी फैलाई जाने पर तथा वा 26 में कचरा जलाये जाने पर संबंधितों के विरुद्ध 500 - 500 रू. की चालानी कार्यवाही की गई।

# फसलों को नष्ट कर रहे जंगली जानवर, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



किसान बड़ी ही मेहनत से अपनी फसल उगाता है और हकाई ,बखराई, बीज ,दवाई , पानी देकर अपनी फसल को दिन रात एक कर कर खड़ी करता है। किसान के कड़े संघर्ष के बाद खड़ी फसल को जंगली जानवर सूअर ,रोजडे (नीलगाय) हिरण,बन्दर नुकसान पहुंचाते है। इन दिनों क्षेत्र के किसान इन्हीं जंगली जानवरों से परेशान है।

जंगली जानवर बारिश के समय में मक्का एवं लाल तुअर को अपना प्रिय भोजन बनाते हैं एवं रबी के सिजन में आलू, चने , गेहूं ,लहसुन ,प्याज, को अपने खुर से रोदते हैं। जंगली सूअर आलू ,चने और इस वर्ष तो गेहूं की फसल को भी मिट्टी के अंदर से खाए जा रहे है। ग्राम डकाच्या के किसान रूप सिंह यादव का कहना है कि मैने अपने खेत में 3 से 4 बिघा में चने की फसल की बुवाई की है जिस दिन से बुवाई की है उसी दिन से रात दिन रखवाली करनी पड़ रही है मेरे दूसरे काम नहीं हो पा रहे हैं। नाना धारा खेड़ी के किसान राजेन्द्र पटेल ने बताया कि पहले तो आलू, चने जैसी फसलों की रखवाली करनी पड़ती थी लेकिन इस वर्ष से तो हमें गेहूं के खेतों की भी रखवाली करनी पड़ रही है या फिर झटका मशीन लगाकर फसल को बचाना पड़ रहा है। इस वर्ष ज्यादा दिक्कत आ रही है। मैने लगभग 15 से 20 बिघा की जमीन में डबल बुवाई की है जिससे आय से अधिक खर्च हो रहा है। किसानों ने बताया की हर वर्ष किसान अपनी फसल को बड़ी मेहनत से बड़ा करता है। किसानों को कृषि संबंधी बहुत से काम होते हैं और अब रखवाली का काम अलग बढ़ गया है किसानों की समस्या बढ़ती ही जा रही है। इस समस्या से भौरासा सहित बुदासा, कुलाला, सादीखेड़ा, काकडदा, सितखेडी, सुमराखेड़ी, भलाई, मिर्जापुर आदि क्षेत्र के किसान परेशान है।

# उप जेल में विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में उप जेल कन्नौद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बंदियों से यह भी जानकारी ली कि उनके प्रकरण में वकील नियुक्त है या नहीं, साथ ही बंदियों के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए समझाइश भी दी। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव एवं उप अधीक्षक उप जेल कन्नौद सहित जेल स्टॉफ उपस्थित था।

### स्वदेशी रथ यात्रा का राष्ट्रभक्ति और उत्साह के साथ किया स्वागत



**देवास।** स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रव्यापी 'स्वदेशी रथ यात्रा' ने मध्य प्रदेश के इंदौर से होते हुए देवास में भव्य और ऐतिहासिक प्रवेश किया। यह आगमन स्वदेशी आंदोलन के प्रथम बलिदानी श्री बाबु गैनु के बलिदान दिवस के अवसर पर हुआ, जिससे कार्यक्रम का महत्व और भी बढ़ गया। सयाजी गेट पर रथ यात्रा का स्वागत राष्ट्रभक्ति और उत्साह के वातावरण में किया गया। इस अवसर पर बाबु गैनु के बलिदान को स्मरण करते हुए माल्यार्पण किया गया। स्वागत कार्यक्रम में देवकरण शर्मा (विभाग प्रमुख, वरिष्ठ नागरिक आयाम), संदीप उपाध्याय (जिला प्रमुख, स्वदेशी जागरण मंच), अजय उपाध्याय (विभाग प्रमुख, भारतीय मजदूर संघ), भाजपा नेता विजय गेहलोत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वागत के उपरांत रथ यात्रा ने खेड़ापति मंदिर, सुभाष चौक, नाहर दरवाजा चौक एवं भोपाल चौराहा चौक का भ्रमण किया, जहाँ नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने विदेशी पूंजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर बढ़ती निर्भरता को देश के लिए खतरा बताते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया।

# खाटू श्याम मंदिर पैदल दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर से प्रति माह एकादशी के अवसर पर श्याम प्रेमी श्रद्धालु भगवान खाटू श्याम के दर्शन के लिए रवाना होते है। जानकारी अनुसार देवास भोपाल हाईवे पर नेवरी फाटे स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर चापड़ा से श्रद्धालु पैदल सफर तय कर प्रतिमाह एकादशी पर बाबा खाटू श्याम के दर्शन के लिए जाते हैं। सोमवार के दिन अरुण वैष्णव, शैखर वैष्णव, सत्यनारायण पाटीदार, विजय वैष्णव करौंदिया, रवि राजपूत ,देवेंद्र राजपुत, लखन राजपुत, वीरेंद्र राजपूत चापड़ा से बाबा खाटू श्याम के दर्शन के लिए सोमवार को चापडा से सुबह 5 बजे रवाना हुए। बाबा के दर्शन हेतु श्रद्धालु 33 किमी. पैदल सफर तय कर नेवरी फाटे स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर दोपहर 1 बजे पहुंचे। जहां पर ध्वज चढ़ाकर नगर की सुख-शांति की कामनाओं की।

# कलेक्टर ने सोमवार से सांदीपनि विद्यालय बागली के नवीन भवन में कक्षाएं लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सांदीपनि विद्यालय बागली का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में स्कूल में फर्नीचर, कंप्यूटर, रिक्त पदों की पूर्ति, शिक्षकों की व्यवस्था, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे, आरओ युक्त पेयजल, बिजली व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि सुविधाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि डाइनिंग हॉल में बच्चों को मिड-डे-मील टेबल-कुर्सी पर बैठाकर ही परोसा जाए तथा कोई भी बच्चा जमीन पर बैठकर भोजन न करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मिड-डे-मील गुणवत्ता युक्त हो तथा स्कूल में ही तैयार किया जाए, बाहर से भोजन नहीं लाया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि आगामी सोमवार से सांदीपनि विद्यालय बागली के नवीन भवन में कक्षाएं लगाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर सिंह ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि लगातर मॉनिटरिंग करते रहे और यह सुनिश्चित करें की रविवार तक स्कूल शिफ्ट हो जाए। सोमवार से बच्चों की कक्षाएं नवीन भवन में ही प्रारंभ हों तथा बच्चों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाए ताकि वे स्वयं देख सकें कि उनका बच्चा कितनी उत्तम सुविधाओं वाली जगह पर अध्ययन कर रहा है।कलेक्टर सिंह ने कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां एवं अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियां भी आयोजित की जाएं, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिया कि पुराने स्कूल भवन को तोड़कर उस स्थान पर बच्चों के खेलने के लिए खेल मैदान विकसित किया जाए।

### दुर्घटना-संभावित स्थानों पर चेतावनी पोस्टर लगा आमजन को किया जा रहा जागरूक

# सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस की संवेदनशील पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर विभिन्न स्तरों पर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक संजय शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरोठा सविता सिंह के नेतृत्व में एक संवेदनशील एवं जनहितकारी पहल की जा रही है।इस पहल अंतर्गत जिले के उन स्थानों पर, जहाँ पूर्व में सड़क दुर्घटनाओं में व्यक्तियों की मृत्यु अथवा गंभीर चोट की घटनाएं घटित हुई हैं, देवास पुलिस द्वारा चेतावनी एवं जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इन पोस्टरों के माध्यम से आम जनता को सतर्क रहने, वाहन सावधानीपूर्वक चलाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।इसी अनुक्रम में ग्राम सिरोल्या क्षेत्र में दो पहिया वाहन की आपस मे टकराने से सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों के गंभीर रूप से घायल होने के पश्चात मृत्यु हो गई थी। उक्त दुर्घटनास्थलों पर थाना बरोठा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में दुर्घटना चेतावनी संबंधी पोस्टर लगाए गए हैं, ताकि वहां से गुजरने वाले वाहन चालक सतर्क रहें एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।देवास पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# संघ शताब्दी वर्ष अतंर्गत बागली नगर में बाल संगम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बागली मे संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत बाल संगम का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या मे बाल स्वयंसेवक शामिल हुए। कार्यक्रम में बाल स्वयंसेवको के शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास के साथ व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रेरणा दी गई। बाल संगम में खेल व बौद्धिक कार्यक्रम भी हुए मंचासिन रहे बागली खंड के संघ संचालक रामनारायण यादव, बागली खंड कार्यावाह अनिल पाटीदार तथा मुख्य अतिथि अथर्व गुप्ता रहे।

## खबर संक्षेप

### मां-पत्नी समेत मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** सौजना थानान्तर्गत ग्राम रूकवाहा में रहने वाले राजकुमार पुत्र कोमल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि रविवार को सुबह साढ़े नौ बजे गांव के रामस्वरूप पुत्र लच्छू यादव, हरसिंह व बृजभान पुत्रगण रामस्वरूप उसके घर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाव करने आयीं उसकी मां कुसुम व पत्नी रेखा के साथ भी लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जीआरपी ने सर्कुलेटिंग एरिया से पकड़ी शराब

**ललितपुर।** जीआरपी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान माल गोदाम के पास से महिला को हिरासत में लिया है। पुलिस ने महिला के पास से पीला डिब्बा में रखी शराब बरामद की है। जीआरपी में तैनात उप निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि वह हमराह कां.पंकज कुमार व कां. पूजा दिवाकर के साथ गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान वह रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में पहुंचे, जहां माल गोदाम के पास बने ओवर ब्रिज के नीचे दविश देकर ग्राम मऊ मैनवारा निवासी प्रियंका पत्नी प्रदीप कबूतरा को हिरासत में लिया है। जीआरपी पुलिस ने उसके पास से 10 लीटर अवैध शराब बरामद की है। जीआरपी ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मामला दर्ज किया है।

### घरेलू विवाद में पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ

**ललितपुर।** सदर कोतवाली के ग्राम रोंडा में पति-पत्नी के विवाद में पत्नी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत नाजुक हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पीआरवी 2618 आहत महिला को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां से महिला को झांसी रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पति पत्नी में कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। मामला थाने भी पहुंचा था, जहां आपसी समझौता करा दिया गया था। इसके बाद सोमवार की सुबह फिर से पति पत्नी में विवाद हो गया, जिसके बाद पत्नी ने रोते हुए 112 को लगाया और फिर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। फोन आते ही 2618 पीआरवी लुकेशन पर पहुंची, जहां महिला घर में अकेली थी, घर के बाकी सभी लोग खेत पर गये हुये थे। पीरवी 2618 ने बिना देर किये मानवता दिखाई और महिला को पड़ौसियों की मदद से उसी पीआरवी गाड़ी संख्या 2618 से ललितपुर मेडीकल कालेज लेकर पहुंचे, जहां महिला के परिजन भी पहुंचे। वहीं मेडीकल कालेज में मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत नाजुक देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।

### बाइकों की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4:45 बजे हनुमान गढ़ी मंदिर के पास सौजना-महरौनी रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में चंदू पुत्र दुर्जू अहिरवार (45), निवासी हनुमान गढ़ी मोहल्ला, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक सवार अशोक कुशवाहा (42) निवासी ग्राम दलपतपुर थाना मड़ावरा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए महरौनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से भाई की मौत

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत रहने वाले भागीरथ अहिरवार पुत्र दुरजू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार को शाम करीब साढ़े चार बजे उसका भाई चन्द्रपाल अपने बटाई वाले खेत पर सिंचाई करके घर जा रहा था। तो रास्ते में जाते समय मोटर साइकिल सवार ने आगे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में मरीज को देखने के खुले दरवाजे

# बेहतर मेडिकल सुविधा जनजाति जन जन तक पहुंचाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इस क्रम में प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी जन जागरूकता बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।



सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। मेले में नागरिकों को अनेक प्रकार की सेवाएं निशुल्क उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण और स्वास्थ्य परामर्श, टीकाकरण संबंधी जानकारी एवं सुविधा आयुष्मान भारत योजना और अन्य सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। डीएम सत्य प्रकाश ने नागरिकों से अपील की कि वह रविवार को अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला जिले में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और रोगों की प्रारंभिक पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है। इस पहल के माध्यम से स्वस्थ समाज और रोगमुक्त जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिले में आयोजित किये गये मेले में मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इन मेले के माध्यम से जनपदवासियों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। मेलों में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिये परामर्श भी दिया जा रहा है। आयोजित किये गये मेले में सर्वाधिक मरीज पी.एच.सी. गदयाना में देखे गये।

जिलाधिकारी के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार समीक्षा बैठक संपन्न

# ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य की प्रगति व सेवायोजन पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति/जिला कार्यकारिणी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार, ललितपुर में किया गया, जिसके अन्तर्गत वर्ष 2025-26 एवं 2024-25 में राजकीय/निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय- ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य की प्रगति एवं सेवायोजन पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष त्वरित कार्यवाही कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति अविलम्ब पूर्ण करें। लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं किये जाने पर लक्ष्य को निरस्त करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों पर संचालित पाठ्यक्रमों का नियमित निरीक्षण/अनुश्रवण किया जाना भी सुनिश्चित करें।

उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कौशल समिति/जिला कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण, राजपाल सिंह, प्रधानाचार्य, राऔप्रसं/जिला समन्वयक, उप्र कौशल विकास मिशन, आरिफ खांन, जिला कौशल प्रबन्धक, उप्र कौशल विकास मिशन, रोहित यादव, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, शाहरूख खांन, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, नितीश कुमार दुबे, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, प्रेमचन्द्र प्रजापति, कार्यालय सहायक, कमलेश सेन, सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधियों इत्यादि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। राजपाल सिंह, प्रधानाचार्य, राऔप्रसं/जिला समन्वयक द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों का बैठक में उपस्थित होने हेतु आभार व्यक्त किया गया।

## सहकारी समिति में आयोजित हुई ग्राम स्तरीय किसान पाठशाला

### *किसानों को कृषि विभाग के माध्यम से लाभ पहुंचाने की योजना*



**ललितपुर।** कृषि विभाग के तत्वावधान में ललितपुर सहकारी समिति परिसर में ग्राम स्तरीय किसान पाठशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से अवगत कराकर रबी फसलों की उत्पादन क्षमता में बृद्धि करना रहा। किसान पाठशाला में कृषि विभाग से अंकिता नायक ने किसानों को रबी फसलों के फसलवार प्रबंधन, संतुलित पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा उन्नत कृषि संसाधनों के समुचित उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वहीं फसल बीमा योजना के संबंध में विवेक मिश्रा द्वारा किसानों को आवश्यक जानकारी दी गई। इसमें आरबीआई, नाबार्ड, पीएनबी व आरोह फाउंडेशन से एफ.सी. सोहिब खान द्वारा किसानों को विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं एवं योजनाओं से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त पीएनबी आरसेटी से रूपेंद्र श्रीवास्तव द्वारा किसानों को स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। आयोजन में सहकारी समिति सचिव संदीप चौहान एवं रवि नामदेव की सक्रिय भूमिका रही। इस दौरान किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को उपयोगी एवं लाभकारी बताया।

एसडीएम को भेजा ज्ञापन

## मोहल्लेवासी सड़क, बिजली व पानी की समस्या से जूझ रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बीते सात-आठ वर्षों से वार्ड में विकास कार्यों के न होने से परेशान मोहल्लेवासियों ने सोमवार को लामबंद होकर एसडीएम सदर को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि मोहल्लेवासियों ने रामनगर निवासी व्यक्ति से जमीन खरीदी थी, उसके द्वारा जमीन पर आबादी होने के बाद सड़क, बिजली व पानी दिये जाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन विक्रेता द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इस सम्बन्ध में कई बार मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका और विक्रेता से विकास कार्यों को कराने की गुहार लगायी, लेकिन आज तक न तो यहां सड़क डाली गयी और न ही पेयजल की व्यवस्था। मोहल्लेवासियों ने उप जिलाधिकारी सदर से मामले में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय प्रेमबाई, नरेन्द्र कुमार, अलताफ, ममता, सोनम, गोविन्द, रश्मि, काशीराम, सपना, रामनरेश, कैलाश करौसिया, भोला, जावेद, विकास, शबाना, हिना बानो, आनन्द, हीरालाल, रमेश, रूबी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

### गालियां देकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम दावनी में रहने वाले राकेश कुशवाहा पुत्र हरप्रसाद ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 6 बजे वह अपने घर के दरबाजे पर बैठा था, तभी गांव के श्रीराम उर्फ टन्नु पुत्र प्रभु कुशवाहा आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर श्रीराम ने उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर बचाव करने आये उसके पिता हरप्रसाद, बहन कमलेश के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। यह भी आरोप है कि श्रीराम ने उसकी बहन के हाथ में काट लिया, जिससे उसे घाव हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

तालबेहट के बेटे ने शहर का नाम रोशन किया

## युवा बिलगैयां बन गए भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर



**ललितपुर।** जिले के शहर तालबेहट के लिए शनिवार का दिन गौरवांवित करने वाला रहा, जिसमें जनपद ललितपुर के तालबेहट के बेटे ने फ्लाईंग ऑफिसर बन कर शहर का नाम रोशन किया है। वायु सेना अकादमी हैदराबाद में पासिंग आउट में प्रथम बिलगैयां ने फ्लाईंग ऑफिसर बन कर सफलता अर्जित की और भारतीय वायु सेना में कमीशन प्राप्त किया है। अब यह युवा देश की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाएगा। एक साल तक हैदराबाद में कठिन परिश्रम के बाद इस युवा ने यह मुकाम पाया है और राष्ट्रीय स्तर पर जिला ललितपुर उ.प्र. के तालबेहट की पहचान दिलाई है। तालबेहट में पढ़े लिखे स्व.पुरुषोत्तम नारायण बिलगैयां रिटायर्ड प्रधानाचार्य के पौत्र तथा अर्चना दीपक बिलगैयां के पुत्र हैं। उन्होंने बताया है कि बेटे में शुरू से ही सेना खास तौर से वायु सेना के प्रति आकर्षण था। उनके दादाजी स्व.पुरुषोत्तम नारायण बिलगैयां को पहले से ही पूरी उम्मीद थी, कि हमारा पौत्र भारत माता की सेवा में सदव तत्पर रहना चाहता है। उन्होंने बताया कि आज उनके लिए सबसे बड़ा दिन है, उनका सपना साकार हुआ है। प्रथम के माता पिता बेटे के फ्लाईंग ऑफिसर बनने पर खुद को बहुत गौरवांवित महसूस कर रहे है। उन्होंने बताया कि पुत्र ने कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से यह सफलता अर्जित की है।

एडीओ पंचायत जखौरा को सौंपा ज्ञापन

# सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खंड जखौरा में ग्राम पंचायत अधिकारियों ने प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर पूर्व प्रेषित ज्ञापन 1 दिसम्बर 2025 के क्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों की ऑनलाइन उपस्थित प्रणाली एवं विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभाग के कार्यों के विरोध में चल रहे सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन के बिंदु संख्या 1 से 5 तक के परिपालन में 15 दिसम्बर तक सभी ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों की कोई भी मांग अभी तक पूर्ण न होने के कारण विकास खण्ड जखौरा के सचिवों ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकास खण्ड जखौरा को अपने-अपने डोंगल जमा कर ज्ञापन दिया। इस मौके पर अजय प्रताप सिंह, वीरेन्द्र बरौदिया, प्रकाश वर्मा, कुसुम उपाध्याय, अवधेश प्रताप सिंह, धरमदास सुमन, पूजा यादव, स्वाती सिंह, नेहा शर्मा, हिमांशु कुशवाहा, प्रदीप पंथ, दीपक विश्वकर्मा, अमित कुमार जैन, ब्रह्मकुमार रिछारिया आदि उपस्थित रहे।

प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गई थी

# जखौरा पुलिस ने लोगों के खोए हुए फोन लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पर जनसुनवाई, पोर्टल पर गिरे/ खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी।

थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 3 अदद गिरे हुए/खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक व थाना जखौरा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैस, उ.नि.विवेक धामा, हे.का.प्रेमबाबू, का.मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

जरूरी कागजी औपचारिकताओं को पूरा किया

# टीएससीटी टीम पहुंची मृतक शिक्षामित्र भगवत के घर, सहयोग का दिया भरोसा



**ललितपुर।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की जिला टीम द्वारा 6 फरवरी को कुत्ते के काटने के बाद रेबीज से दिवंगत हुए कंपोजिट नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरौरा के शिक्षामित्र भगवत के चिरौला (सिलावन) ब्लॉक महरौनी स्थित आवास पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने स्व.भगवत के परिजनों से मुलाकात कर असमय आयी इस परिस्थिति पर संवेदना व्यक्त की एवं जरूरी कागजी औपचारिकताओं को पूरा किया। संस्थापक एवं अध्यक्ष टीएससीटी विवेकानंद, महामंत्री सुधेश पांडेय, कोषाध्यक्ष संजीव रजक एवं जिला संयोजक आदर्श रावत ने हर परिस्थिति में सहयोग के लिए परिवार को आश्वस्त किया। परिवार ने स्व.भगवत के कुछ यादगार पल साझा किये, फिर कुछ समय तक माहौल काफी भावुक और गमगीन रहा। इस दौरान जिला संयोजक आदर्श रावत, जिला आईटी सेल प्रभारी धीरज साहू, जिला सहसंयोजक तपेश चौरसिया, अभिषेक अग्रवाल, रामेंद्र यादव, ब्लॉक संरक्षक महरौनी मनीराम मौजूद रहे।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए
आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और
शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**